भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 228 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 10 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## चिकित्सा सुविधाओं के दुरुपयोग पर मुख्यमंत्री का सख्त संदेश

### एनआईए के स्वर्ण जयंती समारोह में बोले भजनलाल शर्मा सरकारी सुविधाओं का गलत इस्तेमाल बर्दाश्त नहीं

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**





मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान एनआईए के स्वर्ण जयंती समारोह में चिकित्सा सुविधाओं के दुरुपयोग पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट कहा कि सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का गलत इस्तेमाल किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने च्यवनप्राश के अत्यधिक पर्चों और अनावश्यक पंचकर्म उपचारों का उदाहरण देते हुए व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर दिया।

जयपुर के जोरावर सिंह गेट के पास स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों व पूर्व कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं इसलिए उपलब्ध कराई हैं, ताकि जरूरतमंदों को लाभ मिल सके, न कि दुरुपयोग के लिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि एक ही कर्मचारी के नाम 75 डिब्बे च्यवनप्राश लिख देना पूरी तरह अनुचित है और यह सिस्टम पर सवाल खड़े करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 25-30 वर्ष के युवा यदि महीने में चार बार पंचकर्म करवा रहे हैं तो यह चिंताजनक है। 'ऐसा नहीं होना चाहिए। जरूरत के अनुसार ही उपचार लिया जाए। अब हर गतिविधि कैमरों की निगरानी में है, इसलिए अनियमितता से बचना जरूरी है । मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रताप राव जाधव ने एनआईए के विस्तार के लिए अतिरिक्त भूमि का अनुरोध किया है। राज्य सरकार जयपुर में उपयुक्त स्थान चिन्हित कर संस्थान को भूमि आवंटित करेगी। उन्होंने कहा कि 1976 में एक महाविद्यालय के रूप में शुरू हुआ एनआईए आज देश का पहला आयुर्वेद विश्वविद्यालय बनकर शिक्षा, अनुसंधान और रोगी सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद केवल उपचार पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। राज्य सरकार द्वारा आयुर्वेद के विस्तार के लिए नए अस्पताल, महाविद्यालय, डिस्पेंसरी, सीटों में वृद्धि और आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित की जा रही हैं।

समारोह से पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रताप राव जाधव ने गलताजी स्थित हर्बल गार्डन में धन्वंतरि उपवन का शुभारंभ किया तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। एनआईए परिसर में एडवांस्ड सिमुलेशन लैब, पॉडकास्ट स्टूडियो और नई ओपीडी भवन का लोकार्पण भी किया गया।

केंद्रीय मंत्री प्रताप राव जाधव ने कहा कि एनआईए की 50 वर्षों की यात्रा आयुर्वेद से जुड़े शोधार्थियों और चिकित्सकों के समर्पण का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयुष को राष्ट्रीय स्वास्थ्य व्यवस्था की मुख्यधारा में शामिल किया गया है। केंद्रीय बजट में आयुष विभाग के बजट में 10 से 20 प्रतिशत की वृद्धि और तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान खोलने की घोषणा इसका प्रमाण है।

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान न केवल देश बल्कि विश्व में आयुर्वेद के क्षेत्र में अग्रणी है। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में राज्य में करीब 2000 आयुष मंदिर स्थापित किए गए हैं।

समारोह में विधायक बालमुकुंद आचार्य, पद्मश्री वैद्य राजेश कोटेचा सहित बड़ी संख्या में छात्र, चिकित्सक, पूर्व छात्र और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रानपुर रीको एरिया की केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग, 8 दमकलों की मशक्कत से काबू

### ट्रांसफॉर्मर में शॉर्ट सर्किट से भड़की आग, केमिकल ड्रमों तक पहुंचने से बिगड़े हालात

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**



**गर्वित ।** रानपुर क्षेत्र में स्थित हिमालय केमिकल फैक्ट्री में सोमवार सुबह अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जांच में फैक्ट्री परिसर में लगे जंबो ट्रांसफॉर्मर में शॉर्ट सर्किट को हादसे की वजह बताया गया है। आग तेजी से फैलते हुए फैक्ट्री में रखे केमिकल ड्रमों तक पहुंच गई, जिससे पूरे औद्योगिक क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना सुबह करीब 6.30 बजे की है। सूचना मिलते ही फैक्ट्री प्रबंधन ने अग्निशमन विभाग को अलर्ट किया। मौके पर दमकल विभाग की 8 गाड़ियां पहुंचीं और तुरंत आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। केमिकल सामग्री मौजूद होने के कारण आग अत्यंत गंभीर हो गई थी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग धीरे-धीरे बाहर की ओर फैल गई। फैक्ट्री में हजारों लीटर केमिकल से भरे ड्रम रखे थे, जिन तक आग पहुंचने से स्थिति और विकट हो गई। आसपास अन्य फैक्ट्रियां होने के कारण बड़े हादसे की आशंका भी बनी हुई थी।

आग पर काबू पाने के लिए फैक्ट्री के चारों ओर से फायर फाइटिंग की गई और करीब 150 लीटर से अधिक मैकेनिकल फोम का उपयोग किया गया। रानपुर रीको एरिया स्थित शिव एडिबल फैक्ट्री से दमकल गाड़ियों को लगातार रिफिल कर आग बुझाने का कार्य जारी रखा गया। करीब एक से डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आग पूरी तरह नियंत्रित होने के बाद ही नुकसान का आकलन किया जाएगा। मौके पर फैक्ट्री मालिक, पुलिस एवं अग्निशमन विभाग की टीमें मौजूद रहीं और स्थिति पर नजर बनाए रखी गई।

## जयपुर-अजमेर हाईवे पर केमिकल टैंकर में आग, बड़ा हादसा टला

### भांकरोटा के पास मची अफरा-तफरी, 10 मिनट में आग पर काबू

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**



जयपुर-अजमेर नेशनल हाईवे पर सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब मिथाइल केमिकल से भरे एक टैंकर में अचानक भीषण आग भड़क उठी। हादसा भांकरोटा थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुरा पुलिया के पास हुआ, जहां चलते टैंकर के निचले हिस्से से चिंगारियां निकलते ही आग ने विकराल रूप ले लिया।


जानकारी के मुताबिक, टैंकर अजमेर से जयपुर की ओर जा रहा था। पुलिया पर चढ़ते समय टायर के पास घर्षण से उठी चिंगारियों ने नीचे के हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गई और हाईवे पर दौड़ते वाहन थम गए। दहशत में आए राहगीरों ने चालक को तुरंत सचेत किया। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए टैंकर को सड़क किनारे खड़ा किया और सुरक्षित उतर गया। सूचना मिलते ही भांकरोटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाधिकारी श्रीनिवास जांगिड़ के नेतृत्व में कॉन्स्टेबल बाबूलाल और सुनील ने फायर ब्रिगेड के आने से पहले ही अग्निशमन यंत्रों से आग को फैलने से रोकने का प्रयास शुरू कर दिया। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब 10 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

इस दौरान हाईवे पर यातायात अस्थायी रूप से बाधित रहा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं होता, तो दिसंबर 2024 के भांकरोटा अग्निकांड जैसी बड़ी त्रासदी दोहराई जा सकती थी। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। टैंकर में आग लगने के वास्तविक कारणों तकनीकी खामी या घर्षण की पड़ताल की जा रही है।

## भीलवाड़ा में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



प्रताप नगर थाना क्षेत्र के चंद्रशेखर आज़ाद नगर में रविवार देर रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता जब बेटे को कमरे में बुलाने पहुंचे तो वह मफलर से बने फंदे पर लटका मिला। घटना से घर में कोहराम मच गया।

सूचना पर प्रताप नगर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान उज्ज्वल कौशिक (40) पुत्र सुरेश कौशिक के रूप में हुई, जो एक फैक्ट्री में कार्यरत था। पुलिस ने शव की वीडियोग्राफी कर उसे जिला अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया।

सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार मृतक शराब का आदी बताया जा रहा है, हालांकि आत्महत्या के कारणों की जांच जारी है।

## डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने ली अजमेर रेंज की अपराध समीक्षा बैठक

### लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, प्रभावी गश्त और जवाबदेही पर दिया जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



राजस्थान पुलिस के महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने सोमवार को भीलवाड़ा दौरे के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में अजमेर रेंज की विस्तृत अपराध समीक्षा बैठक ली। बैठक में अजमेर रेंज के सभी जिलों में अपराध नियंत्रण, लंबित अनुसंधान, कानून-व्यवस्था की स्थिति एवं पुलिसिंग की प्रभावशीलता की गहन समीक्षा की गई।

डीजीपी शर्मा ने कहा कि राजस्थान पुलिस की प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं और सभी अधिकारी इन्हें ध्यान में रखते हुए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। उन्होंने पुलिस गश्त को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में हर समय पुलिस की विजिबिलिटी बनी रहनी चाहिए, जिससे आमजन में सुरक्षा की भावना और अपराधियों में भय पैदा हो।

सायंकालीन व रात्रिकालीन गश्त की समीक्षा कर जाप्ते को उचित ब्रीफिंग देने के निर्देश दिए गए। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सड़क सुरक्षा अभियान को वर्ष पर्यंत चलाने के आदेश दिए।

### संगठित अपराधियों पर सख्त कार्रवाई

डीजीपी ने भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों का उपयोग करते हुए संगठित अपराधियों द्वारा अर्जित संपत्तियों के विरुद्ध आर्थिक अनुसंधान कर उन्हें नियमानुसार जब्त करने के निर्देश दिए।

### महिला एवं एससी-एसटी अत्याचार प्रकरणों पर विशेष फोकस

महिला अत्याचारों और अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम से जुड़े मामलों की बिंदुवार समीक्षा की गई।

डीजीपी ने केस ऑफिसर स्कीम, ई-साक्ष्य, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, लंबित अनुसंधान तथा वर्ष 2025-26 की निरोधात्मक कार्रवाई की जानकारी ली और पाई गई कमियों पर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।

### लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर जोर

डीजीपी शर्मा ने अनुसंधान अधिकारियों (आईओ) और थाना प्रभारियों (ओआईसी) को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों में नियमित फॉलोअप रखा जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ित को शीघ्र न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। संगीन अपराधों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

### जिलेवार अपराध व कानून-व्यवस्था की समीक्षा


अजमेर रेंज के अधिकारियों ने अपने-अपने जिलों की स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान भीलवाड़ा के एसपी धर्मेंद्र सिंह, अजमेर की एसपी वंदिता राणा, ब्यावर के एसपी रतन सिंह, टोंक के एसपी राजेश के. मीणा, नागौर के एसपी मृदुल कच्छावा तथा डीडवाना-कुचामन की एसपी रिचा तोमर ने जिलेवार रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद

अपराध समीक्षा बैठक में एडीजी लॉ एंड ऑर्डर वीके सिंह, आईजी अजमेर रेंज राजेन्द्र सिंह, डीआईजी कुंवर राष्ट्रदीप सहित रेंज के सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में आईजी अजमेर रेंज राजेन्द्र सिंह ने रेंज की समग्र उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

### पुलिस लाइन का किया निरीक्षण, जवानों की समस्याएं सुनीं, पुलिसिंग को हाईटेक और पुलिस परिवारों के कल्याण पर जोर





महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने अपने दौरे के दौरान पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शूटिंग रेंज सहित विभिन्न शाखाओं का जायजा लिया तथा पुलिस लाइन में आयोजित संपर्क सभा में पुलिस अधिकारियों व जवानों से सीधा संवाद किया। निरीक्षण के दौरान डीजीपी ने पुलिस लाइन में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने, एमबीसी बैरक से अस्थायी बाथरूम हटाकर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा लाइब्रेरी में वाई-फाई और इन्वर्टर सुविधा तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए।

### संपर्क सभा में जवानों की समस्याएं सुनीं

संपर्क सभा के दौरान पुलिसकर्मियों ने पदोन्नति, मैस डाइट बढ़ाने, सरकारी आवास निर्माण, मोबाइल व मोबाइल भत्ता, प्रशासनिक भवनों की कमी, फास्ट मूविंग वाहनों की आवश्यकता, भर्ती व वरिष्ठता से जुड़ी विसंगतियों सहित विभिन्न समस्याएं रखीं। इसके साथ ही एमबीसी एवं बैंड की पदोन्नति, पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए स्कूलों में कोटा, नए पुलिस जिलों में भवन निर्माण, मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध सशक्त संसाधन उपलब्ध कराने तथा राजकॉप ऐप में सुधार जैसे मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए गए। डीजीपी शर्मा ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए पुलिसिंग को और अधिक हाईटेक बनाने पर जोर दिया।

### हेड कॉन्स्टेबल से करवाया हेल्थ कैम्प का उद्घाटन

भीलवाड़ा पुलिस लाइन में आयोजित हेल्थ चेकअप कैम्प का उद्घाटन डीजीपी शर्मा ने एक हेड कॉन्स्टेबल से फीता कटवाकर करवाया। इसके बाद उन्होंने कैम्प में उपलब्ध चिकित्सीय सेवाओं की जानकारी ली और स्वयं भी ब्लड प्रेशर की जांच करवाई।डीजीपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे स्वास्थ्य शिविरों में पुलिस कार्मिकों के लिए अधिकाधिक और बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि उनकी सेहत और कार्यक्षमता बनी रहे।

# मंदिर जा रही एक्टिवा सवार सहेलियों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दो की मौके पर मौत , एक गंभीर घायल





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले में सोमवार को हुए एक सड़क हादसे ने शहर को झकझोर दिया। मंदिर दर्शन के लिए एक्टिवा से जा रही तीन सहेलियों को एक अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

हादसा गुलाबपुरा थाना क्षेत्र में भीलवाड़ा-अजमेर नेशनल हाईवे 48 पर सरेरी के पास हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक्टिवा सवार महिलाएं सड़क पर दूर जा गिरीं। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान रेखा पुत्री गणपत लाल बलाई (28) और सीता पत्नी रामावतार धोबी (36) के रूप में हुई है। हादसे में चंचल नायक (25) गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे पहले भीलवाड़ा के एमजी हॉस्पिटल लाया गया, बाद में हालत नाजुक होने पर उदयपुर के एमबी हॉस्पिटल रेफर किया गया।

पुलिस ने बताया कि तीनों महिलाएं भीलवाड़ा की निवासी थीं और सोमवार सुबह एक ही एक्टिवा पर कंवलियास के पास स्थित त्रिदेव महादेव मंदिर के दर्शन के लिए निकली थीं। सरेरी के पास किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे रेखा और सीता की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद हाईवे पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को 108 एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। दोनों मृतकों के शव रायला के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए। सीता अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी छोड़ गई है।

पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों के आधार पर वाहन की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# नवाचार संस्थान व पुलिस की तत्परता से 16 नाबालिग बच्चों का बाल विवाह रोका

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में नवाचार संस्थान ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर बड़ी कार्रवाई की है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोग से संचालित एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन परियोजना के तहत बड़लियास थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत जीवा का खेड़ा के ग्राम थला में बाल विवाह की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 16 नाबालिग बच्चों का विवाह रुकवाया गया।

सूचना मिलने पर नवाचार संस्थान की टीम ने संबंधित उपखंड अधिकारी व थानाधिकारी को अवगत कराया। बड़लियास थानाधिकारी मुन्नीराम चोयल के निर्देशन में एएसआई मुकेश कुमार, बजरंग लाल सेन, राजेंद्र मीणा व शैतान सिंह तथा नवाचार संस्थान के जिला समन्वयक जितेंद्र सिंह तोमर, रेड एड रेस्क्यू ऑफिसर भगवत सिह चारण सहित राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर दस्तावेज जांचे। बच्चों की आयु नाबालिग पाए जाने पर विवाह तत्काल रुकवाया गया।

परिजनों को बाल विवाह न करने की सख्त समझाइश दी गई तथा शपथ-पत्र लेकर पाबंद किया गया कि बच्चों के बालिग होने तक विवाह नहीं किया जाएगा। साथ ही चेतावनी दी गई कि उल्लंघन की स्थिति में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।यह कार्रवाई नवाचार संस्थान के सचिव अरुण कुमावत के मार्गदर्शन में की गई।

# जल संसाधन मंत्री के काफिले में भीषण हादसा, 4 पुलिसकर्मी घायल

भीलवाड़ा फोकस @ हिण्डोली।





बूंदी जिले में सोमवार को एक तेज रफ्तार ट्रेलर की लापरवाही से बड़ा हादसा हो गया। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत के आगमन से पहले हाईवे पर तैनात पुलिस एस्कॉर्ट वाहन को ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक एएसआई सहित चार पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। दुर्घटना बूंदी के हिण्डोली-बासनी सीमा स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस समय हुई, जब मंत्री के प्रोटोकॉल के तहत पुलिस एस्कॉर्ट वाहन सड़क किनारे खड़ा था। अचानक तेज गति से आए ट्रेलर ने नियंत्रण खो दिया और खड़े पुलिस वाहन को चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि एस्कॉर्ट वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में एएसआई मोहनलाल, कांस्टेबल विजय सिंह, विनोद राम तथा वाहन चालक घायल हो गए। सभी को तुरंत हिण्डोली के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से तीन पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर होने पर उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किए जाने की तैयारी की जा रही है।

दुर्घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर अफरा-तफरी मच गई और लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रेलर चालक को पकड़ लिया, जिसे पुलिस ने हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ग्राम विकास अधिकारियों ने उठाई लंबित मांगें, विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

**नरेश धाकड़** । राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की उपशाखा बिजौलिया के पदाधिकारियों एवं कार्यरत ग्राम विकास अधिकारियों ने सोमवार को विकास अधिकारी अशेष शर्मा पी को विभिन्न लंबित समस्याओं के निराकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा।

संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि पंचायत समिति क्षेत्र में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारियों को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित हार्ड ड्यूटी भत्ता वेतन के साथ नहीं मिल पा रहा है, जबकि जिले की अन्य पंचायत समितियों में यह भत्ता नियमित रूप से दिया जा रहा है। इस संबंध में वेतन पर्चियां भी संलग्न कराई गई।


ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि जिन ग्राम विकास अधिकारियों के पास दोहरी ग्राम पंचायत का प्रभार है, उन्हें नियमानुसार देय भत्ता वेतन में जोड़ा जाए। साथ ही जिन अधिकारियों का सेवाकाल 9, 18 एवं 27 वर्ष पूर्ण हो चुका है, उनका वेतन नियतकरण शीघ्र करवाने की मांग रखी गई।

इसके अलावा, जिन कर्मचारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि किसी कारणवश देरी से लगी है, उनका एरियर भुगतान तथा जिनकी वेतन वृद्धि अब तक स्वीकृत नहीं हुई है, उसे शीघ्र स्वीकृत कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।

संघ ने यह भी स्पष्ट किया कि विभिन्न विकास एवं व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित कार्मिक ही जियो-टेग का कार्य करें, इसकी जिम्मेदारी ग्राम विकास अधिकारियों पर नहीं डाली जाए। इस अवसर पर उपशाखा अध्यक्ष सचिन कुमार, बंशी लाल, मनोज कुमार, विनय किराड़, गोपाल धाकड़, रवि पालीवाल सहित कई ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ नपा का सख्त अभियान, 11.6 किलो प्लास्टिक जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।



**रमेश गुर्जर।** नगर पालिका क्षेत्र में सिंगल यूज़ प्लास्टिक (SUP) के विरुद्ध जागरूकता और कार्रवाई का अभियान तेज कर दिया गया है। भीलवाड़ा जिला कलेक्टर एवं स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर के के गुप्ता के निर्देशन में 9 फरवरी से 28 फरवरी तक जिलेभर में सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बिजोलिया के मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, बालाजी चौराहा और शकरगढ़ चौराहा सहित विभिन्न स्थानों पर व्यापारियों व आमजन को नियमों की जानकारी देते हुए समझाइश की गई। नियमों की अनदेखी करने वालों पर चालान की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 11 किलो 600 ग्राम सिंगल यूज़ प्लास्टिक जब्त किया गया। यह अभियान नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल के नेतृत्व में संचालित हुआ, जिसमें नगर पालिका का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। अधिकारियों ने बताया कि समझाइश के बावजूद नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# ग्राम विकास अधिकारी की अनुपस्थिति से ग्रामीण परेशान, कार्य प्रभावित

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।



पंडेर उप-तहसील मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी की नियमित अनुपस्थिति से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार प्रशासनिक कारणों से लगभग एक माह पूर्व ग्राम विकास अधिकारी को हटा दिया गया था। इसके करीब 20 दिन बाद नया अधिकारी तो नियुक्त किया गया, लेकिन ग्राम पंचायत में उनकी अनिवार्य उपस्थिति नहीं हो पा रही है, जिससे ग्रामीणों को बार-बार पंचायत के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

सोमवार को ग्राम पंचायत में तीन ग्राम पंचायतों का एक दिवसीय ग्राम उद्यान शिविर आयोजित किया गया, लेकिन इस शिविर में भी ग्राम विकास अधिकारी की मौजूदगी नहीं रही। अधिकारी के अभाव में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आवास योजना, पेंशन प्रकरण, नामांतरण, ग्राम स्वच्छता एवं अन्य विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने सरकार के जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत समिति जहाजपुर से ग्राम पंचायत पंडेर में नियमित रूप से ग्राम विकास अधिकारी की नियुक्ति व उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि आमजन के लंबित कार्य समय पर निस्तारित हो सकें।

# खेत में पिलाई के दौरान करंट से किसान की मौत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



सदर थाना क्षेत्र के गोविंदपुरा गांव में खेत में फसलों की पिलाई करने गए एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

सदर थाना पुलिस के अनुसार गोविंदपुरा निवासी बद्रीलाल (37) पुत्र रामचन्द्र बैरवा रविवार रात खेत में पानी की मोटर चालू कर रहा था, तभी वह अचानक करंट की चपेट में आ गया और अचेत हो गया। परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार को पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गया है।

# श्री सिंगोली श्याम कबड्डी प्रतियोगिता, रानीखेड़ा ने बिगोद को 21 अंक से हराया



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)।** रानीखेड़ा गांव में चल रही श्री सिंगोली श्याम कबड्डी प्रतियोगिता के तीसरे दिन रविवार रात पांच मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में मेजबान रानीखेड़ा ने बिगोद को 36-15 से हराकर 21 अंकों की शानदार जीत दर्ज की।

अन्य मुकाबलों में रलायता ने पालड़ी को 35-11 से, ककरोलिया घाटी ने रलायता को 40-25 से, रूपपुरा ने खटवाड़ा जूनियर को 38-19 से और दौलपुरा ने शक्तिमान रानीखेड़ा को 39-18 से पराजित किया।

प्रतियोगिता के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिला-पुरुष एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे और दमदार मुकाबलों का आनंद लिया।

# महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय भीमगंज में वार्षिकोत्सव व आशीर्वाद समारोह आयोजित



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

शहीद चौक स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय भीमगंज में वार्षिकोत्सव एवं आशीर्वाद समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चित्तौड़ प्रांत कार्यवाहक डॉ. शंकर लाल माली रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. रामेश्वर लाल जीनगर थे।

डॉ. माली ने कहा कि परिवार का सकारात्मक वातावरण श्रेष्ठ नागरिक और बेहतर राष्ट्र की बुनियाद रखता है तथा स्वच्छता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति पर जोर दिया। सीडीईओ ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी मार्गदर्शन दिया।

स्थानीय पार्षद रमेश खोईवाल ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण का संदेश दिया, विद्यालय को लैपटॉप भेंट किया और छत की मरम्मत हेतु आर्थिक सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अंत में विद्यालय परिवार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।




QUICK BITES

## मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पारीक ने प्रधानाचार्य कक्ष का किया शुभारम्भ

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**



निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गेन्दलिया में नवसज्जित प्रधानाचार्य कक्ष का विधिवत शुभारम्भ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक पारीक द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण रहा तथा शिक्षक व स्टाफ उपस्थित रहे। शुभारम्भ के दौरान अशोक पारीक ने कहा कि प्रधानाचार्य कक्ष विद्यालय का प्रशासनिक केंद्र होता है, जिससे शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन एवं अनुशासन सुनिश्चित किया जाता है। सुव्यवस्थित कक्ष से प्रशासन को मजबूती मिलने के साथ विद्यार्थियों व अभिभावकों से संवाद भी अधिक प्रभावी होगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों व भावी योजनाओं की जानकारी दी। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का आभार व्यक्त किया गया।

## प्रतापपुरा पंचायतवासियों ने विधायक बैरवा को सौंपा सड़क निर्माण का ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



शाहपुरा-बनेड़ा विधानसभा क्षेत्र की प्रतापपुरा पंचायत के ग्रामीणों ने रायपुर से गाडरी खेड़ा होकर निबेड़ा तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर विधायक लाला राम बैरवा को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अथवा अन्य ग्रामीण सड़क योजनाओं में शामिल करने की मांग की। ज्ञापन सौंपते समय समाजसेवी शंकर लाल गाडरी, उदय लाल मारसाहब, नारायण गाडरी, देवकिशन गाडरी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बताया कि जर्जर सड़क के कारण किसानों, विद्यार्थियों, एम्बुलेंस सेवाओं और मतदान के समय आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विधायक लाला राम बैरवा ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सड़क निर्माण की मांग जायज है और इसे शीघ्र ही संबंधित योजना में शामिल कर कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। विधायक के आश्वासन से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने आभार जताया।

## वैश्य एकता दिवस गौ सेवा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन की जिला भीलवाड़ा युवा इकाई की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। युवा जिलाध्यक्ष अंकित सोमानी ने बताया कि इस वर्ष 17 मार्च को वैश्य एकता दिवस गौ सेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें गौ संरक्षण, पोषण और जनजागरण के कार्यक्रम आयोजित होंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि 6 जुलाई को वैश्य स्थापना दिवस के अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। संभागीय युवा अध्यक्ष देवेंद्र डाणी ने कहा कि युवा केवल भविष्य नहीं, वर्तमान की सबसे बड़ी शक्ति हैं। बैठक में संगठन विस्तार और भावी कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर हर्ष राठी, त्रिदेव मूंदड़ा, आशीष शाह जैन, ऋषभ पोरवाल, योगेश हेडा, अंशुल शाह अग्रवाल, पंकज राठी सहित अनेक युवा सदस्य उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# मुमुक्षु ऊर्जा कांठेड़ का मंगल भावना समारोह आयोजित

## पारमार्थिक शिक्षण संस्था, लाडनूं में प्रवेश की अनुमति मिलने पर हर्षोल्लास

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



स्थानीय तेरापंथ भवन में आध्यात्मिक उल्लास और मंगल भावनाओं के बीच मुमुक्षु ऊर्जा कांठेड़ का मंगल भावना समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ऊर्जा को पारमार्थिक शिक्षण संस्था, लाडनूं में प्रवेश की अनुमति प्राप्त होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

स्वर्गीय नौरतमल कांठेड़ परिवार की सुपुत्री एवं तेरापंथ युवक परिषद, आसींद के मंत्री गौरव कांठेड़ की बहन मुमुक्षु ऊर्जा को आचार्य श्री महाश्रमण की महती कृपा से पारमार्थिक शिक्षण संस्था में प्रवेश की अनुमति प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि से संपूर्ण समाज में हर्ष और गौरव का वातावरण है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुमुक्षु ऊर्जा ने अपने भाव व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समाज और परिवार द्वारा उनके संयम मार्ग के निर्णय को जिस स्नेह और समर्थन के साथ स्वीकार किया गया है, वह उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने श्रावक समाज से भी संयम पथ पर अग्रसर होने वालों को सहयोग देने का आह्वान किया।

इस अवसर पर स्थानीय श्रावक-श्राविकाओं एवं तेरापंथ युवक परिषद के सदस्यों ने प्रेरणादायी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, गीतों एवं भजनों के माध्यम से मुमुक्षु के प्रति मंगल भावनाएं व्यक्त कीं। वक्ताओं ने ऊर्जा जी के इस कदम को समाज के लिए गौरव का विषय बताते हुए उनके उज्ज्वल आध्यात्मिक भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में तेरापंथ युवक परिषद, आसींद की ओर से मुमुक्षु ऊर्जा जी के प्रति हार्दिक मंगलकामनाएं व्यक्त करते हुए उनके पवित्र संयम पथ पर दृढ़ता से अग्रसर रहने की कामना की गई।

# बागथला-लक्ष्मीपुरा डामर सड़क निर्माण की मांग शुरू , ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल विधायक खंडेलवाल से मिला, दो सड़कों के प्रस्ताव पर मिला आश्वासन

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

**विक्रम सिंह ।** क्षेत्र के बागथला से लक्ष्मीपुरा तक डामर सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल से मिला। यह प्रतिनिधिमंडल राजगढ़ पंचायत से विधायक प्रतिनिधि बद्रीलाल गुर्जर के नेतृत्व में विधायक से मिला और सड़क निर्माण की आवश्यकता से अवगत कराया।


ग्रामीणों ने बताया कि बागथला से लक्ष्मीपुरा मार्ग लंबे समय से कच्चा एवं जर्जर अवस्था में है। मार्ग पर गड्ढों और कीचड़ के कारण आमजन, छात्र-छात्राओं तथा किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेषकर बरसात के दिनों में यह समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है।

इसके साथ ही ग्रामीणों ने राजगढ़ से कटारिया खेड़ा तक सड़क निर्माण की भी मांग रखी। उन्होंने कहा कि इन दोनों सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के कई गांवों को सीधा लाभ मिलेगा और आवागमन सुगम होगा।



विधायक खंडेलवाल ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि दोनों सड़कों के प्रस्ताव को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा तथा शीघ्र ही स्वीकृति दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर गति देने का भरोसा भी दिलाया। विधायक के आश्वासन पर ग्रामीणों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क निर्माण होने से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि बद्रीलाल गुर्जर, जाल का खेड़ा से भंवर सिंह, उमेदपुरा से हरलाल गुर्जर, राजगढ़ सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# मांडलगढ़ विधायक खंडेलवाल ने डोरमेट्री भवन का किया लोकार्पण, बाल मेले का उद्घाटन कर छात्राओं को वितरित की साइकिलें






**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**

विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कस्तूरबा गांधी राजकीय आवासीय विद्यालय, सराना में समग्र शिक्षा अभियान के तहत निर्मित डोरमेट्री भवन का लोकार्पण किया। साथ ही शैक्षिक बाल मेले का विधिवत उद्घाटन कर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक खंडेलवाल ने कहा कि बालिका शिक्षा समाज की प्रगति की आधारशिला है। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बालिका शिक्षा से वंचित न रहे।उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की सराहना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर विकास की बात कही। कार्यक्रम में भाजपा मांडलगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्याम लाल अहिर, जिला परिषद सदस्य हरिलाल जाट, प्रतिनिधि बाबूलाल तेली, पंचायत समिति सदस्य सत्यनारायण मेवाड़ा, सराना प्रशासक संपति देवी मीणा, उप सरपंच मोडुलाल जाट, पूर्व पंचायत समिति सदस्य नारायण गुर्जर, ग्राम पंचायत सिंगोली प्रशासक राकेश आर्य, बरूंदनी से गजेन्द्र साहू, मोटरों का खेड़ा प्रतिनिधि मूलचंद रायका, राधेश्याम सैन, नवरतन शर्मा, अशोक शर्मा, पूर्व सरपंच रामप्रसाद जाट, मनोज सनाढ्य, जगदीश शर्मा, सत्यनारायण सुथार सहित बड़ी संख्या में भाजपा जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# वाल्मीकि समाज ने विधायक कोठारी का किया अभिनंदन

## सफाई कर्मचारियों की भर्ती में प्राथमिकता की मांग सदन में उठाने पर जताया आभार





**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा ।**

राजस्थान विधानसभा के पटल पर सफाईकर्मचारियों की भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने की प्रभावी आवाज उठाने पर वाल्मीकि समाज द्वारा शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी का सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया गया। यह कार्यक्रम अरिहंत हॉस्पिटल के समीप स्थित बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ, जहां समाज के गणमान्यजनों ने विधायक का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत में विधायक कोठारी ने बालाजी मंदिर में दर्शन कर मां शबरी की जयंती पर नमन करते हुए शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात आयोजित समारोह में समाजजनों ने विधानसभा में उठाए गए इस महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे की सराहना करते हुए कहा कि इससे वाल्मीकि समाज की वर्षों पुरानी मांग को मजबूती मिली है। समारोह में वाल्मीकि समाज के महंत बालाजी मंदिर श्यामलाल टाक, छीतरमल गेंगट, महेंद्र चनाल, राकेश गेंगट, गोपाल चनाल, पूरन लोट, रामेश्वर टाक, राजा टाक, शिव घावरी, प्रहलाद आदिवाल, महावीर गेंगट, सत्यनारायण गोयर, श्रवण चंडालिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था से जुड़े कार्यों में वाल्मीकि समाज का वर्षों से अहम योगदान रहा है। ऐसे में भर्ती प्रक्रियाओं में उन्हें प्राथमिकता मिलना पूरी तरह न्यायसंगत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समाज के हितों से जुड़े मुद्दों को वे सदन से लेकर शासन स्तर तक पूरी मजबूती के साथ उठाते रहेंगे। कार्यक्रम में विधायक के साथ डॉ. देवेंद्र कुमावत, शिक्षाविद् विवेक निमावत, भंवरलाल खारोल, बाबूलाल टाक, सत्यनारायण गुग्गड़, कमल कोठारी, दिनेश सुथार, दिलीप सोनी, पृथ्वीराज सिंह चौहान सहित कई लोग मौजूद रहे।

# खेल विकास योजना के तहत हूला हूप प्रतियोगिता संपन्न

## 200 से अधिक बच्चों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग, विजेताओं को मिले मेडल व ट्रॉफियां

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी की खेल विकास योजना के अंतर्गत कन्या महाविद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित हूला हूप रिंग घुमाओ प्रतियोगिता उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुई। प्रतियोगिता में शहरभर के लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया, वहीं अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।

खेलेंगे तो खिलेंगे पहल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में खेल विकास योजना के 6 सेंटरों के खिलाड़ियों सहित बड़ी संख्या में शहरवासियों ने दोपहर 1 बजे से शाम 6:30 बजे तक चले आयोजन का आनंद लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक कार्यालय से बाबूलाल टांक, दिलीप सोनी, दिनेश सुथार, पृथ्वीराज सिंह चौहान एवं खेल विकास योजना संयोजक विवेक निमावत द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

आयोजन सचिव दिनेश सोलंकी एवं मनीषा सोलंकी ने बताया कि समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केन ऑक्सफोर्ड स्कूल के निदेशक गौरव तोलम्बिया उपस्थित रहे। उन्होंने अभिभावकों के साथ मिलकर विजेता खिलाड़ियों को मेडल, सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफियां प्रदान कीं।

इस अवसर पर कोच मनीषा सोलंकी, दिनेश सोलंकी, कोमल शर्मा, महेश शर्मा एवं पलक राजपूत का भी सम्मान किया गया। प्रतियोगिता संयोजक अजीत जैन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन नन्हें बच्चों को खेल मैदान से जोड़ने की दिशा में एक सशक्त पहल है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में खेल विकास योजना के अंतर्गत फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स, जिमनास्टिक एवं दौड़ जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।



# मांडलगढ़ क्षेत्र के विद्यालयों में वार्षिकोत्सव व बालिका साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न

## शिक्षा ही विकास की सबसे बड़ी कुंजी : खण्डेलवाल





भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।

**विक्रम सिंह ।** मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंशा, गेहूली एवं हाजीवास में वार्षिकोत्सव एवं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साइकिल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल रहे। आयोजन उत्साह, गरिमा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति से वातावरण उत्सवमय बना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिल प्राप्त करते ही छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस योजना से दूर-दराज के गांवों से आने वाली बालिकाओं को विद्यालय पहुंचने में सुविधा मिलेगी तथा शिक्षा में दूरी की बाधा दूर होगी।



विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि शिक्षा ही विकास की सबसे बड़ी कुंजी है और बालिका शिक्षा को सशक्त बनाना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि सरकार छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है, ताकि कोई भी बेटी पढ़ाई से वंचित न रहे। साथ ही विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर भीलवाड़ा उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर निरंतर ऊंचा उठ रहा है और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य गोवर्धन वैष्णव, पूर्व भाजपा नंदराय मंडल अध्यक्ष सुरेश पाराशर, मांडलगढ़ पंचायत समिति सदस्य सत्यनारायण मेवाड़ा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहिर, जिला परिषद सदस्य हरिलाल जाट, प्रतिनिधि बाबूलाल तेली सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया।

वार्षिकोत्सव के तहत विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें देशभक्ति गीत, लोकनृत्य, नाटक एवं समूहगान प्रमुख रहे। उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने तालियों की गूंज के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का साफा व स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया।

समारोह में भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, क्षेत्रवासी, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह राणावत, भंवर जाट, सुवा लाल जाट, शैतान सिंह, भगवती लाल प्रजापत, विक्रम सिंह झोपड़ा, बद्री सुथार, पूषा लाल जाट, राजेंद्र सिंह, नवरत्न सिंह, पुरुषोत्तम पारीक सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# विधायक ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास, कांटी प्रीमियर लीग का हुआ भव्य समापन

## विकास कार्यों में नहीं आएगी कोई कमी - विधायक गोपीचंद मीणा





भीलवाड़ा फोकस @ काछोला/ पारोली

**(विक्रम सिंह / विनोद शर्मा)**

कांटी ग्राम में सोमवार को विकास और उत्सव का अद्भुत संगम देखने को मिला। एक ओर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कांटी में कक्षा-कक्ष हॉल सहित विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया गया, वहीं दूसरी ओर कांटी प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का समापन समारोह उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में जहाजपुर विधायक एवं भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा तथा कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके आगमन पर ग्रामीणों एवं युवाओं ने पारंपरिक ढंग से स्वागत किया। विधायक और प्रधान को ऊंट पर बैठाकर गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिससे पूरा गांव उत्सवमय माहौल में रंग गया।

शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि जहाजपुर कोटड़ी क्षेत्र में विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। शिक्षा, सड़क, पेयजल सहित सभी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने विद्यालय में नए कक्षा-कक्ष हॉल के निर्माण को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा ने भी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि ग्रामीणों की मांगों को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर कांटी ग्राम पंचायत प्रशासक रतन लाल बलाई के नेतृत्व में विधायक गोपीचंद मीणा एवं प्रधान करण सिंह बेलवा को हनुमानजी का गद्दा भेंट कर सम्मानित किया गया।

कांटी प्रीमियर लीग के समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, ग्रामीणजन, खिलाड़ी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर, जहाजपुर प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा, कोठाज प्रशासक गोपाल सिंह कानावत, मंडल अध्यक्ष दुर्गा लाल धाकड़, कैलाश तिवाड़ी, योगेंद्र सिंह समस्त, कैलाश सुवालका, प्रशासक रतन लाल बलाई, पीलू पारीक, सांवर लोधा, शंकर किर, महावीर गगरानी, रामलाल लोधा, गोपाल वैष्णव, बर्मा नाथ सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

QUICK BITES

# शाहपुरा के मिस्टर बियर्डमैन डॉ. मोहम्मद इशाक को भारतीय गौरव प्रतिभा सम्मान 2026


भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा,



**मूलचन्द पेसवानी।** शहर के 'मिस्टर बियर्डमैन' के नाम से मशहूर एवं नगर पालिका के निवर्तमान पार्षद डॉ. मोहम्मद इशाक को भारतीय गौरव प्रतिभा सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान जयपुर स्थित जीवन जागृति सेवा संस्थान की ओर से एक वर्चुअल कार्यक्रम में प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान कला, संस्कृति एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। डॉ. इशाक ने दाढ़ी और मूंछ को कला का अनूठा रूप देकर शाहपुरा का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। वे स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की अनेक प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में आयोजित मूंछ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान को और मजबूत किया। बताया जाता है कि भारत में फंकी एवं डिजाइनर बियर्ड स्टाइल को पहचान दिलाने वाले डॉ. इशाक पहले व्यक्ति हैं। उनके प्रयासों के बाद ही देशभर की प्रतियोगिताओं में इस श्रेणी को अलग कैटेगरी के रूप में शामिल किया गया। राजस्थानी कला व संस्कृति को बढ़ावा देने तथा नवोदित कलाकारों को मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उन्होंने गत वर्ष शाहपुरा बियर्ड क्लब की भी स्थापना की। कला के साथ-साथ डॉ. इशाक समाज सेवा और राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे शाहपुरा नगर पालिका में लगातार 10 वर्षों तक पार्षद रहकर जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे। इसके अतिरिक्त वे सैफ अली खान अभिनीत फिल्म लाल कप्तान में एक छोटे ग्रुप रोल में भी नजर आ चुके हैं। इस उपलब्धि पर शाहपुरा क्षेत्र के नागरिकों, कला प्रेमियों एवं शुभचिंतकों ने डॉ. इशाक को बधाई देते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया।

# उप मुख्यमंत्री से महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने की मुलाकात, सनातन मंगल महोत्सव का दिया आमंत्रण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।





सनातन धर्म की अखंड परंपरा, साधना और सेवा भाव को समाज तक पहुंचाने के उद्देश्य से हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर, भीलवाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने जयपुर में राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं उप मुख्यमंत्री व जिला प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा से शिष्टाचार भेंट की। इस आध्यात्मिक मुलाकात के दौरान स्वामी हंसराम उदासीन ने दोनों उप मुख्यमंत्रियों को 19 से 26 फरवरी तक भीलवाड़ा में आयोजित होने वाले भव्य सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह का पावन आमंत्रण प्रदान किया। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि एक संगत-एक पंगत, एक भाषा- एक भूषा की भावना से हो रहे इस भव्य आयोजन में आठ दिन तक धर्म ओर भक्ति की भावना से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रम होंगे। यह महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, वैदिक परंपराओं और आत्मिक उत्थान का दिव्य उत्सव है। इस महायज्ञ के माध्यम से समाज में भक्ति, सेवा, त्याग और सदाचार के संस्कारों का संचार होगा। उन्होंने कहा कि महोत्सव के दौरान आश्रम के तीन ब्रह्मचारियों को विधिपूर्वक सन्यास दीक्षा प्रदान की जाएगी, जो गुरु-शिष्य परंपरा और सनातन साधना की अविरल धारा को आगे बढ़ाने का पावन कार्य है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने इस आध्यात्मिक आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए इसे समाज में सकारात्मक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन का सशक्त माध्यम बताया तथा महोत्सव की सफलता के लिए मंगलकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर आश्रम के ब्रह्मचारी कुनाल, लघु उद्योग भारती के प्रदेश संयुक्त महामंत्री रविंद्र कुमार जाजू, वाल्मीकि समाज के पदाधिकारी छीतर मल गैंगट आदि उपस्थित रहे। सनातन मंगल महोत्सव श्रद्धा, साधना और सेवा का ऐसा दिव्य संगम होगा, जो जन-जन को आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित करेगा।

# राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद ने गौशाला में दवाइयां भेंट कीं

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद, भीलवाड़ा द्वारा जीव दया प्रोजेक्ट के अंतर्गत हरनी महादेव रोड स्थित श्री कृष्ण गोशाला में गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बीमार गौ माताओं के उपचार हेतु दवाइयां भेंट की गईं तथा गुड़ व हरा चारा खिलाकर सेवा की गई।

परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बम्ब ने कहा कि गौ सेवा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि सामाजिक और मानवीय जिम्मेदारी भी है। अतिथियों ने परिषद के जीव दया प्रोजेक्ट को समाज में करुणा और संवेदनशीलता बढ़ाने वाला बताया। इस सेवा कार्य में समाजसेवी सुनील बालर एवं प्रतीक बाफना का विशेष सहयोग रहा। अंत में गोशाला प्रबंधन ने परिषद एवं सभी सेवाभावी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।